हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

2 स्टेट हाईवे 12 बना डेंजर जोन, 10 साल में 60 हादसे, विभाग मौन



**जिला प्रशासन सख्त**

### जिला प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया

# जिला अस्पताल में दर्द से तड़पती रही गर्भवती : मामले की जांच के लिए टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में एक गर्भवती महिला जो डिलवरी के लिए दर्द से तड़पती रही शीर्षक से हरिभूमि में 12 नवंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया डॉ. प्रशांत सिंह ने खबर प्रकाशन के दिन ही खंड चिकित्सा अधिकारी सहित 6 कर्मियों को पत्र लिखकर मामले के संबंध में जांच प्रतिवेदन अपने अभिमत सहित अविलंब प्रस्तुत करने के संबंध में पत्र जारी किया, ताकि उच्चाधिकारियों को की गई कार्रवाई से अवगत कराया जा सके। जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया द्वारा बीएमओं डॉ.श्रेष्ठ मिश्रा सहित निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विकास लकड़ा, निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन आलोक मिंज, प्रभारी डिप्टी एमईआईओ श्रीमती सरोजनी राय, डीपीएचएन एनएचएम श्रीमती मानकुंवर तथा लव कुमार पाठक सहायक ग्रेड 3 स्थानीय कार्यालय को पत्र जारी कर जवाब मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों जिला अस्पताल बैकुंठपुर में डिलवरी के लिए आई एक ग्रामीण महिला को जब परिजन ने भर्ती किया और रात्रि में आपातकालीन चिकित्सक के द्वारा जांच किया गया तो पता चला कि महिला को सामान्य प्रसव नहीं होगा, उसे आपरेशन करने की जरूरत है, तब उक्त चिकित्सक द्वारा जिला चिकित्सालय में पदस्थ एक महिला चिकित्सक को फोन कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन कथित महिला चिकित्सक द्वारा रात्रि में किसी तरह के आपरेशन के लिए अस्पताल आने से सीधे तौर पर मना कर दिया था, दूसरे दिन सुबह भी भर्ती गर्भवती महिला का आपरेशन नहीं किया। वहीं दूसरी ओर गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से कराहती रही, तब मजबूरन परिजन ने ऑटो में लिटाकर गर्भवती महिला को डिलेवरी के लिए शहर के शर्मा अस्पताल ले जाया गया।

इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह द्वारा विभाग के बीएमओं सहित अन्य कर्मियों से जांच कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट की मांग की गई है, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मामले को जिला प्रशासन ने भी गंभीरता से लिया है।


निजी अस्पताल में हुआ प्रसव, आए दिन महिलाएं होती हैं परेशान

जिला अस्पताल में डिलवरी के लिए दर्द से तड़पती रही महिला

तमाम सुविधाएं फिर भी मरीज परेशान

गरीब ग्रामीण मरीज भगवान भरोसे

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

खबर का असर

## खबर संक्षेप

### वनांचल के दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचा स्वास्थ्य अमला



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के वनांचल एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। विकासखंड़ भरतपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बड़गांवखुर्द और उसके आश्रित ग्रामों में 12 नवंबर को एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य अभियान संचालित किया गया। यह अभियान कलेक्टर डी. राहुल वेंकट निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके रमन, खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान कोटाडोल सेक्टर के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने ग्रामों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वे किया, बीमार व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा बच्चों का टीकाकरण भी संपन्न कराया।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री से अनुज ने की मुलाकात



**अनूपपुर।** जिले के युवा समाजसेवी अनुज सोनवानी ने हाल ही में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान अनुज सोनवानी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को दी जाने वाली 6,000 वार्षिक राशि को बढ़ाकर 12,000 करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में कृषि लागत में निरंतर वृद्धि हो रही है, ऐसे में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सम्मान निधि को दोगुना किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही अनुज सोनवानी ने खरीफ सीजन में हुई अत्यधिक वर्षा से फसलों को हुए नुकसान की ओर भी मंत्री का ध्यान आकर्षित किया और किसानों के मुआवजे में राहत बढ़ाने का आग्रह किया। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने अनुज सोनवानी की बातों को सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसान हित से जुड़े इन प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा और कैबिनेट स्तर पर चर्चा के लिए विषय रखा जाएगा।

### एसआईआर के लिए कांग्रेस सौंपे दायित्व

**बैकुण्ठपुर।** चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का गहन



पुनरीक्षण का कार्य कोरिया जिले में जोर-शोर से चल रहा है। मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण कार्य में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने एसआईआर से संबंधित कार्य प्रभावी तरीके से संपादित करने के लिए कोरिया जिले में ब्लाक प्रभारियों की नियुक्ति कर उन्हें एसआईआर से जुडे कार्यो के संचालन के लिए अपने क्षेत्र में ब्लाक अध्यक्ष, मंडल एवं सेक्टर कमेटियों तथा बीएलओं के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा ब्लाक प्रभारियों में बैकुंठपुर ग्रामीण ब्लाक के लिए प्रभारी महामंत्री बृजवासी तिवारी को बनाया है। इसी तरह बैकुंठपुर शहर के लिए सचिव जिला कांग्रेस कमेटी श्रीमती साधना जायसवाल, शिवपुर चरचा शहर के लिए जिला अध्यक्ष असंगठित मजदूर कांग्रेस हेमसागर यादव, सोनहत के लिए उपाध्यक्ष गुलाब चौधरी को ब्लाक प्रभारी नियुक्त किया गया।

### नाव पलटने से बड़ी दुर्घटना टली, एनडीआरएफ ने की मॉकड्रिल

# झुमका जलाशय के टापू में फंसे 4 लोगों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2025-26 के तहत गुरूवार को झुमका डैम में जिला स्तरीय मॉक अभ्यास (अपग्रेडिंग) एनडीआरएफ के अधिकारियों के सहयोग से आयोजित किया गया। अभ्यास के दौरान झुमका जलाशय के टापू में फंसे चार लोगों को रेस्क्यू टीम ने सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

इसी बीच एक नाव अचानक पलटने से दो लोग पानी में गिर गए, बचाव-बचाव की आवाज सुनते ही आपदा प्रबंधन दल के सदस्यों ने जान जोखिम में डालकर सुरक्षित निकाला। सभी पीड़ितों को बाहर निकालने के बाद फायर कर्मियों द्वारा एम्बुलेंस से स्वास्थ्य टीम तक पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार दिया। मौके पर मौजूद एनडीआरएफ व जिला आपदा प्रबंधन दल के अधिकारियों ने समझाया कि बाढ़ जैसी स्थिति में घबराएं नहीं, ऊंचे स्थानों पर जाएं, बच्चों और बुजुर्गों को प्राथमिकता दें तथा नाव या रस्सी का उपयोग कर बचाव दल का सहयोग करें। साथ ही बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने, साफ पानी का उपयोग करने जैसे सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई। जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग द्वारा इस अभ्यास के लिए होमगार्ड, बचाव दल, मोटर बोट सहित आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इस मॉकड्रिल से जिला प्रशासन की तैयारियों का आंकलन हुआ और ग्रामीणों को आपदा से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। एनडीआरएफ अधिकारियों ने गैस सिलेंडर में आग लगने पर सुरक्षित उपायों का भी प्रदर्शन किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सोनहत एसडीएम अंशुल वर्मा, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश कुमार पटेल सहित पुलिस बल, जिला सेनानी बल, जनसंपर्क विभाग, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, फायर ब्रिगेड एवं आपदा प्रबंधन दल के अधिकारी और कर्मचारी और काफी संख्या में युवा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।









### अभ्यास का क्या है उद्देश्य

इस मॉकड्रिल का उद्देश्य जलाशय क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य की तत्परता का परीक्षण करना और ग्रामीणों को आत्मरक्षा के उपाय सिखाना था। ऐसे अभ्यास समय-समय पर होते रहने से जनहानि को कम करने और आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी।

## सरपंच और आवास मित्र पर एफआईआर दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** ग्राम पंचायत कोथारी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा योजनाओं के तहत सरकारी राशि के दुरूपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में सरपंच और आवास मित्र की मिलीभगत से फर्जी जियो टैग व मस्टररोल तैयार कर भुगतान करने का मामला प्रमाणित पाया गया। प्रशासन ने दोनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत कोथारी की सरपंच श्रीमती यशोदा सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) के अंतर्गत अपने नाम पर एक और परिवार के दो अपात्र सदस्यों के नाम पर आवास स्वीकृत करवाए। आवास मित्र के साथ सांठगांठ कर फर्जी जियो टैग बनवाए गए और उन पर किस्तों का भुगतान भी करवा लिया गया। इतना ही नहीं मनरेगा के अप्रमाणित मस्टररोल के आधार पर मजदूरी भुगतान का भी खुलासा हुआ है। इसी तरह ग्राम पंचायत के आवास मित्र राजकुमार यादव ने स्वयं के नाम पर एक और परिवार के चार अपात्र सदस्यों को योजना का लाभ दिलाया। जांच में यह भी सामने आया कि सभी आवासों के जियो टैग फर्जी हैं और भुगतान मनरेगा की गैर प्रमाणित मस्टररोल से किया गया। जांच में सरपंच श्रीमती यशोदा सिंह द्वारा 2,60,276 और आवास मित्र राजकुमार यादव द्वारा 6,78,563 की राशि का अनुचित उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई है। इस प्रकार कुल 9,38,839 की शासकीय राशि का सुनियोजित तरीके से दुरुपयोग किया गया है। प्रशासन ने इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए दोनों आरोपितों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश संबंधित थाना प्रभारी को दिए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

- 9 लाख से अधिक की सरकारी राशि का दुरुपयोग उजागर

## 7 को होगा राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान

**बैकुण्ठपुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 7 दिसंबर को होने जा रहा है।

इस अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अध्यक्ष विकासखंड साक्षरता मिशन समिति सोनहत की अध्यक्षता में जनपद सभा कक्ष में समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी ,जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सोनहत सहित समस्त संकुल पाचार्य/समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार बैठक में विकासखंड साक्षरता मिशन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 15 से अधिक आयु वर्ग के चिन्हित शिक्षार्थी जो अभी शिक्षा की धारा से नहीं जुड़ सके हैं, उनके अभियान के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न स्तर में समन्वयक को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला परियोजना अधिकारी एवं राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशों के अनुसार विकासखंड़ के प्रत्येक ग्राम तक प्रचार-प्रसार, डाटा कम्प्यूटरी ⏭ शेष पेज 4 पर



### छात्र के साथ मारपीट थाने में शिकायत

**मनेन्द्रगढ़।** केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक बेहद संवेदनशील और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पहली कक्षा में पढ़ने वाले एक मासूम छात्र के साथ स्कूल की शिक्षिका द्वारा कथित तौर पर अकारण मारपीट की गई है। शिक्षिका पर आरोप है कि उन्होंने कक्षा में शोरगुल की शिकायत पर छात्र को थप्पड़ मारा और धक्का दे दिया, जिससे बच्चे के सिर में चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित छात्र के पिता ने तत्काल थाना मनेन्द्रगढ़ में शिक्षिका के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है। मनेन्द्रगढ़ के केन्द्रीय विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा पहली में पढ़ने वाले एक 6 वर्षीय छात्र को उनकी शिक्षिका ने कथित तौर पर इतना जोर से थप्पड़ मारा और धक्का दिया कि मासूम के सिर में चोट लग गई। पीड़ित बच्चे के पिता विक्रम साहू ने तत्काल थाने पहुंचकर शिक्षिका के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# तेजी से बढ़ रहे मधुमेह के मरीज, सतर्कता की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

डायबिटीज यानी मधुमेह के मरीजों की संख्या कोरिया जिले में भी तजी से बढ़ती जा रही है, जो कि चिंता का विषय बन गया है। इस बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग को जगह-जगह जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

- विश्व मधुमेह दिवस आज

इस उद्देश्य को लेकर प्रतिवर्ष 14 नवंबर को वैश्विक स्तर पर विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस दिन स्वास्थ विभाग द्वारा सेमिनार, जनजागरूकता अभियान रैली भी निकालती है। प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के बावजूद तेजी से मधुमेह पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुजुर्गो के अलावा युवा वर्ग के लोगों को भी यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। चिकित्सकों के अनुसार यह एक ऐसी बीमारी है, जिसे साईलेंट किलर के तौर पर भी जाना जाता है। यह बीमारी कब किसको हो जाए यह पता शुरूआती दौर में नहीं चल पाता है। काफी समय बीत जाने के बाद ही इस बीमारी की जानकारी लोगों को हो पाती है। चिकित्सकों के अनुसार खराब जीवन शैली के कारण यह बीमारी तेजी से लोगों को अपनी जद में जकड़ती जा रही, जिस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग को समय-समय पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस बीमारी को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। पहले की अपेक्षा अब यह बीमारी ग्रामीण क्षेत्रों के लोग को भी प्रभावित करने लगा है। विभिन्न कारणों के कारण मधुमेह तेजी से कोरिया जिले में भी बढ़ रहा है, इसके रोकथाम करने की दिशा में ठोस योजना बनाकर रोकथाम की दिशा में कदम बढ़ाने की जरूरत है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### खराब जीवनशैली प्रमुख कारण



चिकित्सक बताते हुए कि लोगों की लाइफ स्टाइल बदल गई है जो मधुमेह को आमंत्रित करने के लिए जिम्मेदार हैं। कहा जाता है कि मधुमेह कोई बीमारी नहीं है यह खराब जीवन शैली का ही नतीजा है, लेकिन एक बार कोई मधुमेह की जद में आ जाता है तो उसे रिवर्स करने के लिए अपनी दिनचर्या एवं खान पान-पान पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत होती है, ऐसा करके मधुमेह को मात दे सकते हैं, लेकिन इसके लिए दृढ़ निश्चय के साथ अपने खान-पान के साथ योग व्यायाम अपनी दिनचर्या में अपनानी होगी।

### समय-समय पर जांच की जरूरत

मधुमेह की बीमारी किसी को हो जाती है तो नियमित दवा के साथ खराब जीवन शैली को सुधारने की जरूरत होती है, इसके अलावा समय-समय पर अपनी जांच भी करवाते रहना चाहिए। इस बीमारी का पता चलने के बाद यदि लापरवाही बरती जाती है तो शारीरिक दुर्बलता के साथ अंदरूनी आर्गन्स को क्षति पहुंच सकती है, क्योंकि मधुमेह को साइलेंट किलर का भी नाम दिया गया है।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर प्रेसवार्ता

# भाजपा सरकार जनजातीय समाज के उत्थान के लिए प्रयासरतः मरावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 13 नवंबर को विश्राम गृह बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रताप मराबी, मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े एवं सोशल मीडिया संयोजक राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। विधायक भूलन सिंह मराबी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल, जमीन और जनजातीय अस्मिता की रक्षा के लिए उलगुलान आंदोलन छेड़ा था। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा स्त्रोत गाथा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वतंत्र जनजाति मंत्रालय की स्थापना, वनोपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य, स्टैंडअप इंडिया योजना के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा तथा सिकल सेल रोग के उन्मूलन की दिशा में कार्य इसके उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि राष्टपति द्रौपदी मुर्मू सहित अनेक संवैधानिक पदों पर आज जनजातीय नेतृत्व स्थापित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नक्सल-मुक्त भारत के संकल्प की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा जनजातीय गौरव दिवस केवल भगवान बिरसा मुंडा ही नहीं, बल्कि उन सभी महापुरूषों को समर्पित है जिन्होंने भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते विधायक भूलन सिंह मरावी।



## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने इंजीनियरिंग कॉलेज को दी 26 पुस्तकें

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग विषयक पुस्तकों का संग्रह प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि जिपं सीईओ ने कम्प्यूटर साइंस में बीटेक की पढ़ाई की है। उन्होंने अपने पुस्तक संग्रह में से इंजीनियरिंग संकाय से संबंधित पुस्तके कॉलेज को प्रदान की है।

### तुरना स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिया गया फल



**अम्बिकापुर।** भूमिजा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुरना के छात्रों को पोषण हेतु फलाहार, दांतों की सफाई हेतु मंजन और फलों का रस निःशुल्क वितरित किया गया साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ की डॉ.जया अग्रवाल द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान डॉ.अग्रवाल ने शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव की जानकारी दी तथा स्वच्छता की जानकारी दी। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, सचिव पवन केडिया, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार अम्बष्ट आदि उपस्थित थे।

### ओपीएस के वार्षिक मिनी स्पोर्ट्स में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चल रहे वार्षिक मिनी स्पोर्ट्स के तहत प्री-प्राइमरी विंग के विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं में नर्सरी, एलकेजी के फेच एन रन रेस में नर्सरी के अनाया पैकरा एवं अनंत प्रताप सिंह प्रथम रहे तथा एलकेजी के सरस्वती मिंज एवं मो.माहिर अंसारी यूकेजी के कलेक्ट एन स्कोर रेस में काव्या कुशवाहा एवं मानविक पैंकरा, कक्षा पहली से कंगारू रेस में प्रिशा दुबे एवं विहान पैंकरा, कक्षा दूसरी के डक रेस में आयजा खान एवं तौसिफ आलम, कक्षा तीसरी के हर्डल रेस में साजिया परवीन एवं मो.उजैर रजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईएखान सूरी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### जिले में जन्म पंजीयन पर रोक लगाने की मांग भाजपा नेता ने केबिनेट मंत्री को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** जन्म पंजीयन की बढ़ती गड़बड़ियां और एसआईआर प्रक्रिया में उसका दुरुपयोग होने के गंभीर मामले को लेकर भाजपा मण्डल शिवनंदनपुर के महामंत्री शितिकांत स्वाई ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को पत्र लिखकर फरवरी माह तक जिले में सभी जन्म पंजीयन कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। भाजपा नेता शितिकांत स्वाईं बाबू ने पत्र में उल्लेख किया है कि सूरजपुर जिले के जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय में एक विशेष समुदाय के कुछ लोगों द्वारा समग्र आईडी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का गलत फायदा उठाया जा रहा है, बाहरी क्षेत्रों के लोग जन्म पंजीयन आदेश प्राप्त कर अपने लिए नए जन्म प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। जिसमें वे अपने मनमुताबिक स्थाई पते का उल्लेख कर रहे हैं, यह जन्म प्रमाण पत्र बाद में एसआईआर में प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधि एसआईआर प्रणाली की विश्वसनीयता और प्रशासनिक पारदर्शिता पर सीधा खतरा है। उन्होंने कहा कि अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा तो जिले की जनसंख्या आंकड़ों और सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थियों की संख्या में बेशुमार वृद्धि आ सकती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य नागरिकों का सटीक और एकीकृत डेटा तैयार करना है, लेकिन कुछ तत्व इस प्रक्रिया को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं,ऐसे में फरवरी तक पंजीयन को पूरी तरह रोका जाए और केवल सत्यापित मामलों को ही अनुमति मिले, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि किसी आवेदक को वास्तव में पंजीयन की आवश्यकता हो, तो ग्रामीण स्तर पर पंचनामा तैयार कर ग्रामीणों के हस्ताक्षर लिए जाएं और उसके बाद सभी गवाहों को जिला सांख्यिकी या तहसील कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर बयान देना अनिवार्य किया जाए,उन्होंने कहा कि अगर बाहर के लोग जिले में आकर अपनी सुविधा के अनुसार प्रमाण पत्र बनवाने लगेंगे, तो स्थानीय नागरिकों के अधिकार और सरकारी योजनाओं के लाभ दोनों प्रभावित होंगे,यह स्थिति जिले के सामाजिक संतुलन को भी बिगाड़ सकती है।

## बसकर मोड़ ब्लैक स्पॉट पर आए दिन होती है दुर्घटनाएं

# स्टेट हाईवे 12 बना डेंजर जोन, 10 साल में 60 हादसे, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

एक तरफ जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के प्रति लोगों को जागरूक करने शिविर सहित विभिन्न आयोजन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाली मौतों के लिए जिम्मदार ब्लैक स्पॉट में सुधार की दिशा में शासन प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। ऐसे में अब स्टेट हाइवे 12 के पटना–भैयाथान मार्ग पर ग्राम बसकर में बना 90 डिग्री का मोड़ अब जानलेवा ब्लैक स्पॉट बन चुका है। दृश्य बाधित होने और सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

**खास बात**
- सुरक्षा इंतज़ाम शून्य, सड़क विभाग की लापरवाही पर ग्रामीण नाराज़

स्टेट हाइवे 12 के पटना–भैयाथान मार्ग स्थित ग्राम बसकर मोड़ अब जानलेवा साबित होने लगा है। मोड़ इतना घुमावदार है कि बाइक या चार पहिया वाहन चालक थोड़ा सा ध्यान न तो दुर्घटना होना निश्चित है। 90 डिग्री इस मोड पर पिछले 10 वर्षों में 60 से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। इन दुर्घटनाओं के ज्यादातर मामले में भले ही रफ्तार को जिम्मेदार माना जाए परन्तु दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण निर्माण के दौरान बरती गई तकनिकी खामियां है। खतरनाक घुमाव और अंधे मोड़ है जहां चालक की थोड़ी सी चूक के कारण भी बड़ी दुर्घनाएं हुई है। सोमवार को भी एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ और रेलिंग से टकरा गया। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।



मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

### नहीं है संकेतक बोर्ड

ग्राम सरपंच सुरेश सिंह ने बताया कि मोड़ पर न तो स्पीड लिमिट का संकेतक बोर्ड है और न ही चेतावनी साइन, न रात में पर्याप्त रोशनी होती है। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण का काम भी नहीं हुआ, जिससे जोखिम और बढ़ गया है। स्टेट हाइवे पर वाहनों की गति अधिक होती है। कोई सांकेतिक चिन्ह न होने से इन स्थानों पर वाहनों की टक्कर से दुर्घटनाएं होती है। पिछले दस साल में 60 दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### की गई है सुरक्षा रेलिंग सुधार की मांग

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि सड़क विभाग और प्रशासन से इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड ब्रेकर, ग्लो साइन बोर्ड, डेंजर मार्किंग और सुरक्षा रेलिंग सुधार की तत्काल मांग की गई है। मांग अनुरूप सड़क पर यह सुविधा उपलब्ध हो गई तो भविष्य में जनहानि को रोका जा सकता।

### नहीं है ब्लैक स्पॉट

स्टेट हाइवे स्थित ग्राम बसकर मोड ब्लैक स्पॉट नहीं है। पुलिस विभाग अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करती है। पुलिस ही दुर्घटनाओं की जानकारी दर्ज करती है। फिलहाल उक्त स्थान को दिखवाता हूं।

-ललित भोई
ईई लोक निर्माण विभाग सूरजपुर



## राजपुर क्षेत्र का बैगन मचा रहा बंगाल की मंडियों में धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

किसानों ने अब पारंपरिक खेती की सीमाओं को तोड़ते हुए उद्यानिकी फसलों की ओर कदम बढ़ाया है। कभी सिर्फ रबी और खरीफ फसलों पर निर्भर रहने वाला यह क्षेत्र आज बैगन, टमाटर, खीरा और मिर्च जैसी फसलों के उत्पादन में पहचान बना चुका है। खासकर यहां का बैगन अब बंगाल के खड़गपुर मंडी में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण खूब मांग में है, जिससे किसानों की आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

- उद्यानिकी फसलों की ओर किसानों की बढ़ी रुची

विकासखण्ड के ग्राम नवकी सरनापारा के प्रगतिशील किसान माधव शाह ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष तीन एकड़ भूमि में बैगन और खीरा की खेती की है। इस पर करीब 6 से 8 लाख रुपए की लागत आई लेकिन अब तक वे 20 लाख रुपए से अधिक की बिक्री कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि बंगाल के खड़गपुर मंडी से व्यापारी सीधे राजपुर पहुंचकर बैगन की खरीद कर रहे हैं और किसानों को बाजार भाव से बेहतर दर दे रहे हैं। किसान का कहना है कि उन्होंने खेती में वैज्ञानिक पद्धति अपनाई, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ। उद्यानिकी खेती अब सिर्फ जीविकोपार्जन नहीं रही, बल्कि एक व्यावसायिक अवसर बन चुकी है। अगर सरकार से उचित सहयोग मिले तो यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में प्रदेश का प्रमुख उद्यानिकी केंद्र बन सकता है। क्षेत्र में अब कई किसान बैगन, टमाटर और अन्य सब्जी फसलों की व्यावसायिक खेती की ओर अग्रसर हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं बल्कि यहां से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर सब्जियों का निर्यात हो रहा है। हालांकि किसानों के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। माधव शाह ने बताया कि खुले मवेशियों (उड़ेले जानवरों) की समस्या सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। कई बार यह मवेशी रातोंरात खेतों को नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों के लिए योजनाएं चाहे जितनी आएं, लेकिन अगर उड़ेले मवेशियों की समस्या खत्म नहीं हुई तो मेहनत बेकार हो जाएगी।



### यूथ डायलॉग सीरीज में लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता का व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ डायलॉग सीरीज अंतर्गत विशेष सत्र में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता का व्याख्यान हुआ। लेफ्टिनेंट श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए अपने जीवन के अनुशासन, समर्पण और संघर्ष के अनुभव साझा किए तथा युवाओं को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने करियर योजना, परीक्षा की तैयारी और व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा कहा कि विद्यार्थी इंटरनेट और एआई टूल्स का रचनात्मक उपयोग कर नए अवसरों की खोज करें और एक-दूसरे से सीखने की संस्कृति विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे साथियों का चयन करने, टीमवर्क को बढ़ावा देने और सीखने की मानसिकता बनाए रखने की सलाह दी। लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता बतौली ब्लॉक के निवासी हैं एवं वर्तमान में भारतीय नौसेना में मुंबई में पदस्थ है। वे सैनिक स्कूल अंबिकापुर के पूर्व छात्र है। कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक प्रो.अनिल सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ.दीपक सिंह, लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार उपस्थित थे।

- लक्ष्य पर केंद्रित होकर पढ़ाई करने की ही सलाह

## उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में रेल, सड़क और एम्स खोलने की बहुप्रतीक्षित मांग तेज

**बिश्रामपुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक बार फिर से जन आवाज बुलंद हुई है,सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा ने भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नीतिन नवीन को एक पत्र भेजकर त्रिबिंदु समस्या सड़क, रेलमार्ग और स्वास्थ्य सुविधाओं के समाधान की मांग की है,पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि अंबिकापुर उत्तरी छत्तीसगढ़ का हृदय स्थल है,विकास के लिए आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहा है,यह क्षेत्र चार राज्यों क्रमशः उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड और उड़ीसा का प्रवेश द्वार होने के बावजूद विकास की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाया है।

पत्र में उल्लेख है कि अंबिकापुर- बरवाडीह रेल परियोजना जिसे ब्रिटिश शासन के समय 1935-36 में स्वीकृति मिली थी,जो आज तक अधूरी पड़ी है,यह रेल लाइन यदि पूरी कर दी जाए तो सरगुजा संभाग देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा,परंतु अफसोस कि लगभग एक सदी बाद भी तीन पग आगे रेल पटरी नहीं बढ़ सकी,इस रेल लाइन से न केवल उत्तर छत्तीसगढ़ का औद्योगिक व व्यापारिक विकास होगा,बल्कि पंडो व कोरवा जैसी विशेष जनजातियों के क्षेत्र में भी रोजगार और संसाधनों की नई संभावनाएं खुलेंगी,उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा की भयावह स्थिति पर भी चिंता जताते हुए उल्लेख किया है कि सरगुजा संभाग के लोग आज भी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रायपुर,बनारस, जबलपुर या रांची जाने को मजबूर हैं,कई बार तो आर्थिक अभाव के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं,इसलिए अंबिकापुर में एम्स की स्थापना की जाए, जिससे गरीब व आदिवासी वर्ग को अपने ही संभाग में उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा मिल सके,उन्होंने बताया कि 9 जनवरी 2024 को कंदरई में हुए प्रदेश स्तरीय बिंझिया जाति सम्मेलन में सरपंचों द्वारा मुख्यमंत्री को एम्स खुलवाने हेतु हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है,उन्होंने अंबिकापुर से हाथीनाला तक 140 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की भी मांग की है,यह सड़क बनारस-अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर-विशाखापट्टनम को जोड़ देगी, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के समान महत्व रखेगी,उन्होंने कहा कि यह परियोजना यदि अमल में आती है तो उत्तर भारत के बाजार सीधे विशाखापट्टनम बंदरगाह से जुड़ जाएंगे,इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा,राष्ट्रपति के गोद पुत्र पंडोनगर में आज भी उपेक्षा का वातावरण है।वर्ष 1952 में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे गोद लिया था, पर आज भी उस क्षेत्र का विकास अधूरा है।

## भगवान बिरसा मुंडा की मनाई जाएगी 150वीं जयंती

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाएं जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देश के परिपालन में जिले के शासकीय कार्यालयों, शासकीय संस्थानों, आश्रम, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों आदि सेवा केन्द्रों, पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जिसके माध्यम से जनजातीय समाज के इतिहास, संस्कृति, परंपरा और उनके योगदानों जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही 15 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजातीय वर्ग के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर आधार, प्रधानमंत्री जनधन खाता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न लाईव स्टॉल के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के विकास से जुड़े पीएम जनमन, आदि कर्म योगी, धरती आबा आदि योजना से जुड़े लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा, सफलता की कहानियां भी साझा की जाएगी, लाभार्थियों से संवाद किया जाएगा, जनजातीय प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पाती का वाचन भी किया जाएगा। 15 नवंबर को प्रभात फेरी जन जागरूकता यात्रा, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## नवाचार के लिए करवां ने शीर्ष तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में प्राप्त किया स्थान

**करवां।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, रायपुर में इसरो विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्जीबिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षक विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा जगत और वैज्ञानिक नवाचार का प्रतीक बना। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीरा सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तैयार की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता सतीश कुमार भारद्वाज और राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में किए जा रहे नवीन प्रयोगों और शैक्षणिक नवाचारों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यालय द्वारा प्रस्तुत इन नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे इन प्रयासों के लिए विद्यालय को देश के 75 चयनित विद्यालयों में शीर्ष तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हुई है। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों ने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया और उपग्रह की संरचना, रॉकेट प्रक्षेपण की प्रक्रिया तथा अंतरिक्ष में उपग्रहों की कार्य प्रणाली से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिकों के अनुभव और मार्गदर्शन से शिक्षकों को विज्ञान शिक्षण के नए आयामों की समझ मिली। विद्यालय की यह उपलब्धि आने वाले समय में छात्रों के लिए प्रेरक उदाहरण बनेगी। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान, शोध और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे देश के वैज्ञानिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे।




## एसआईआर के लिए ग्राम स्तर पर किया गया निरीक्षण

**सलका अघिना।** भारत निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा डोर-टू-डोर एसआईआर गहन पुनर्निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान भैयाथान तहसीलदार शिवनारायण राठिया एवं भटगांव तहसीलदार निलीमा लकड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें गड़ना पत्रक भरने की अंतिम तिथि जो 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक है। इस दौरान बीएलओ को घर घर जाकर गणना पत्रक बांटना है गणना पत्रक में मतदाता अपनी जानकारी भरकर बीएलओ को वापस करेंगे जिसका तहसील स्तर पर सत्यापन होना है। भैयाथान तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने निर्धारित तिथि तक सख्त हिदायत देकर कार्य को पूरा करने को कहा। इस दौरान भाग संख्या 183 सलका 2 के बीएलो अन्नपूर्णा गुप्ता, पटवारी अर्चना निरंकारी, मितानीन फुलकुमारी राजवाडे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला बालोद में 7 से 11 नवम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग की टीम भी सम्मिलित हुई। सरगुजा संभाग की टीम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ के पांच छात्रों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान दिलाया। गत दिन प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राएं अपने विद्यालय वापस पहुंची जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। संस्था के प्राचार्य ओम प्रकाश सोनवानी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़ विजय कुमार, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक चंद्रशेखर कुमार, अनिल कुमार यादव, शिव कुमार साहू, अर्चना सहित सभी शिक्षकों ने पुष्प कुछ देकर के बच्चों एवं टीम के कोच और पीटीआई सुश्री बालमती यादव, अनीश तिर्की, साहिंद्र पैकरा, का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बच्चों को मिष्ठान खिलाकर और अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था की दो छात्रों एवं दो छात्राओं का चयन सीनियर टीम से राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया है।

- शंकरगढ़ की खिलाड़ियों का किया गया स्वागत



### पुलिस हिरासत में मौत की घटना की हो न्यायिक जांच

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर में पुलिस हिरासत में युवक की मौत होने के मामले में कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। पार्टी के प्रतिनिधियों ने घटना को मानव अधिकारों का उल्लंघन तथा युवक की मौत बीमारी से होने के दावे को अविश्वसनीय बताया है। युवक अस्वस्थ था तो पुलिस को उसकी चिकित्सीय जांच करानी चाहिए थी। पार्टी प्रतिनिधियों ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से घटना की जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं पुलिस की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।



## ग्राम डोमहत सेमई में पहली बार हुआ किसी सांसद का आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम डोमहत सेमई में आज पहली बार किसी सांसद का आगमन हुआ। एक तरफ जहां कोई नेता इस गांव का सुध भी लेने नहीं आया वही दूसरी तरफ भाजपा नेता अंकुर जायसवाल के निवेदन पर उनके गृह ग्राम डोमहत में सांसद चिंतामणि महराज का आगमन हुआ। पूर्व सरपंच अमर सिंह के यहां बड़ी संख्या में ग्रामीण के बीच बैठक संपन्न हुआ।

सांसद चिंतामणि महाराज का प्रोटोकॉल पूर्व से ही साइकिल वितरण हेतु केवरा एवं और भी जगह के लिए तय हो गया था। बावजूद इसके अपने प्रोटोकॉल में संशोधित कर ग्रामीणों से मिलने गांव में आए। साथ ही ग्रामीण वासियों के बीच कुछ निर्माण एवं विकास कार्य के लिए विशेष चर्चा हुई जिसमें ग्राम पंचायत सेमई में घरहरी नदी में एनीकट बांध निर्माण का सौगात मिला। सांसद ने निर्माण कार्यों का आश्वासन दिया और तत्काल सूरजपुर एरिगेशन एसडीओ से मोबाइल में चर्चा कर सर्वे के लिए निर्देशित किया। पहली बार सांसद को ग्रामीण वासी अपने बीच पाकर बहुत ही खुशी महसूस किए। इस दौरान पूर्व सरपंच अमर सिंह, सरपंच आनंद पैकरा, मायापुर सरपंच कृष्णा पैकरा, चनदोरा सरपंच सदानंद पैकरा, पूर्व सरपंच रामरतन, सीपी जायसवाल, सोन साय धुर्वे, अनिल पैकरा, राजकुमार,पवन साय, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# कांतारा चैप्टर 1 अब ओटीटी पर हिंदी में हो रही रिलीज

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी के डायरेक्शन में बनी 'कांतारा चैप्टर 1' का इंतजार कर रहे हिंदी के दर्शकों के लिए खुशखबरी है। साल 2025 की सबसे अधिक कमाई करने वाली यह फिल्म अब हिंदी में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मूल रूप से कन्नड़ में बनी यह फिल्म दो हफ्ते पहले ही ओटीटी पर तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में स्ट्रीम होने लगी थी। ऐसे में हिंदी के दर्शकों की बेताबी बढ़ गई थी। अब हिंदी ओटीटी की रिलीज डेट आ गई है। साल 2022 में आई 'कांतारा' की प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' बीते महीने 2 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। 'कांतारा चैप्टर 1' का हिंदी डब वर्जन भी प्राइम वीडियो पर 27 नवंबर को रिलीज किया जाएगा।

लाइफ Style

# गिरिजा

## सिडनी-मोनिका से हो रहीं कंपेयर



सोशल मीडिया की दुनिया में कब क्या हो जाए, कुछ पता नहीं। अगर आपने पिछले कुछ दिनों में एक्स, फेसबुक या इंस्टाग्राम को स्क्रॉल किया है, तो आपको सोशल मीडिया पर छाई 'नीली साड़ी वाली' महिला जरूर दिखी होगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ये महिला हैं, अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले, जिन्हें सोशल मीडिया पर कुछ फैंस अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी और इतालवी मॉडल मोनिका बेलुची से तुलना कर रहे हैं और उन्हें 'भारत का जवाब' बता रहे हैं। गिरिजा दो दशकों से मराठी और हिंदी सिनेमा में काम कर रही हैं। पहली बार वायरल होने के बारे में बात करते हुए, गिरिजा ने कहा, 'मैं हैरान हूं! रविवार शाम को मेरा फोन जोर-जोर से बजने लगा। मैं अपने प्ले की रिहर्सल कर रही थी और कॉल रिसीव नहीं कर पा रही थी। अचानक, मेरे सभी दोस्त मुझे मैसेज करने लगे, 'क्या तुम्हें पता है कि एक्स पर क्या हो रहा है?' गिरिजा आगे कहती हैं, 'एक ने मुझे एक पोस्ट भेजा जिसमें इस बात पर बहस हो रही थी कि यह (अभिनेत्री) प्रिया बापट हैं या मैं! फिर मेरे देवर ने मुझे बताया कि कुछ घटिया हैंडल्स ने मेरी तस्वीरें उठा ली हैं और 'भाभी प्रेमी' वाला पूरा सीन चल रहा है। कुछ पेजों ने मुझे कामुक बना दिया। लेकिन, मराठी फैंस ने कहा, 'तुमने अभी-अभी उसे खोजा है!' हम उसे सालों से जानते हैं।' जब एक्स पर मीम्स की बाढ़ आ गई, तो गिरिजा ने इसे सहजता से लिया। उन्होंने कहा, 'मैं जो काम करती हूं, वह यहीं रहेगा।

## हॉलीवुड मसाला




# फिर दिखेगी जुमांजी की दुनिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन की सुपरहिट फिल्म 'जुमांजी'का अब चौथा पार्ट आने वाला है। अभिनेता ने खुद इस फिल्म के फाइनल पार्ट की शुरुआत की घोषणा की है। उन्होंने इसे एक दिल को छू लेने वाला मजेदार रोमांच बताया है। ड्वेन इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पहले टेबल रीड के लिए लॉस एंजिल्स में इकट्ठा हुए कलाकारों की एक तस्वीर साझा की।



# 'फ्रैंकनस्टाइन' के मेकओवर में जैकब को लगे 10 घंटे

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन'नेटफ्लिक्स पर हाल ही में स्ट्रीम हुई। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पेज पर ही जैकब एलोर्डी के मेकओवर का वीडियो शेयर किया गया। इसमें वह प्रोस्थेटिक मेकअप करवा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10 घंटे तक यह मेकअप चलता था। वायरल वीडियो के आखिर में भी वह फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन'के मॉन्स्टर के रूप में सामने आते हैं। मेकओवर के दौरान वह कभी किताब पढ़ते हैं, कभी फोन चलाते हैं। इसी डेडिकेशन के फैंस कायल हो गए। जैकब एलोर्डी के मेकओवर को देखते फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। जैकब और मेकओवर की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म और उनके किरदार को सराहा है, फिल्म को साल की बेस्ट मूवी कहा।



# ऋतिक ने किया अनजान नंबर से फोन...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने 'टू मच विद ट्विंकल एंड काजोल' में बताया कि बॉलीवुड के एक चर्चित अभिनेता ने उन्हें रात के दो बजे फोन किया, तो वो चौंक गई थीं। कृति सेनन ने शो में कहा, 'एकमात्र व्यक्ति जिसके पोस्टर मेरे कमरे में रहे हैं, वह ऋतिक रोशन हैं। जब फिल्म 'हीरोपंती' रिलीज हुई थी, मुझे याद है कि टाइगर श्रॉफ ने उनके लिए विशेष रूप से एक स्क्रीनिंग रखी थी, और मुझे इसके बारे में पता नहीं था। मैं सो रही थी, और रात के 2 बजे, मेरा फोन बजा, और वह एक अनजान नंबर था।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं ट्रूकॉलर पर गई, तो पता चला कि ऋतिक रोशन कॉल कर रहे हैं। मुझे यह समझने में थोड़ा समय लगा कि वो क्यों कॉल कर रहे हैं। फिर मैंने सुबह होने का इंतजार किया और उन्हें वापस कॉल किया।'



# पर्सनालिटी ठीक करने के चक्कर में बुरा हाल

**नई दिल्ली।** 12 नवंबर की रात गोविंदा को अचानक चक्कर आने और बेहोशी की शिकायत के बाद मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत को लेकर फैंस में चिंता बढ़ गई थी। लेकिन. अब उन्होंने खुद सामने आकर अपनी सेहत का अपडेट दिया है। गोविंदा ने बताया कि उनकी हालत अब बेहतर है और वो आराम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्राणायाम और योग करते हैं, वो ज्यादा हेल्दी रहते हैं। आज की भागदौड़ में शरीर को आराम देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वो खुद अपनी पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन पर काम कर रहे हैं। लेकिन, यंगेस्टर्स को उन्होंने सलाह दी कि सिर्फ जिम नहीं, योग और प्राणायाम को भी अपने रूटिन में शामिल करें। गोविंदा के इस पॉजिटिव संदेश और मुस्कुराते चेहरे को देखकर उनके फैंस ने राहत की सांस ली है।

## टीवी मसाला



# गौरव की हरकतों से नाराज हुए प्रतियोगी, शहबाज ने संभाली कैप्टेंसी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 आए दिन रोमांचक मोड़ लेता जा रहा है। अब प्रतियोगियों को एक नया कैप्टन मिल गया है। इसके साथ ही गौरव खन्ना ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी घरवाले उनके विरोध में उतर आए हैं। शहबाज बदेशा घर के नए कैप्टन होने वाले हैं। एक्स पर पोस्ट साझा की गई जानकारी में कहा गया, 'गौरव खन्ना की कप्तानी घर में केवल एक घंटे तक ही रही और अब एचएम के जरिए असेंबली वोटिंग टास्क के बाद शहबाज बदेशा घर के नए कप्तान बन गए हैं।' यानी कि अब शहबाज बिग बॉस 19 के घर की कमान संभालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया है कि गौरव खन्ना के सामने दो विकल्प रखे गए। पहला या तो वे नया कैप्टन बन जाएं और पूरे घर को नामांकन के खतरे में डालते हुए 30% राशन सुरक्षित कर ले, या फिर शहबाज को कैप्टन की कुर्सी पर बिठा दें, जिससे सभी प्रतियोगियों के लिए 100% राशन और पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हालांकि गौरव ने कैप्टन बनना चुना, जिस कारण से सभी कंटेस्टेंट्स नाराज हो गए। लेकिन अब शहबाज नए कैप्टन बन गए हैं। मिड एविक्शन में मृदुल तिवारी का सफर बिग बॉस 19 से खत्म हो चुका है, अब घर में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। हर सदस्य फिनाले में जगह बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। इस बार का वीकएंड का वार भी काफी दिलचस्प होने वाला है।

## ऑनस्क्रीन भाई-बहन असल जिंदगी में हैं कपल

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी स्टारर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में नजर आने वालीं एक्ट्रेस शगुन शर्मा ने अपना रिलेशनशिप कन्फर्म किया है। वह को-स्टार अमन गांधी को डेट कर रही हैं। मजेदार बात यह है कि ये दोनों एक्टर्स 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में भाई-बहन बने हैं, पर असल जिंदगी में कपल हैं। शगुन शर्मा ने एक इंटरव्यू में अमन गांधी संग अपने रिलेशनशिप पर बात की। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में अमन गांधी गर्लफ्रेंड शगुन शर्मा के छोटे भाई के रोल में नजर आ रहे हैं। दोनों ने इस साल वैलेंटाइन पर जब रोमांटिक तस्वीरें शेयर की थीं, तो तभी से उनके अफेयर की चर्चाएं होने लगी थीं। अब शगुन ने एक इंटरव्यू में रिश्ता कन्फर्म कर दिया और कहा कि ये अफवाह नहीं है। वह अमन गांधी को डेट कर रही हैं और यह सच है। शगुन शर्मा ने यह भी बताया कि जब उन्हें 'क्योंकि सास भी थी' ऑफर हुआ था, तब अमन को ऋतिक विरानी के रोल के लिए पहले ही फाइनल कर लिया गया था। शगुन के मुताबिक, उन्होंने अमन से इस बारे में बात की थी कि क्या वह शो में उनके भाई का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं?



# काजोल ने शाहरुख संग साझा की रोमांटिक तस्वीरें

**मुंबई।** अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित फिल्म 'बाजीगर' साल 1993 में रिलीज हुई थी। शाहरुख खान, काजोल और शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म को रिलीज हुए 12 नवंबर को 32 साल पूरे हो गए हैं। काजोल-शिल्पा ने फिल्म से जुड़े कुछ खास पलों को शेयर किया है। रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'बाजीगर' की अभिनेत्री काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरें साझा की हैं। पहली तस्वीर में अभिनेता शाहरुख खान, काजोल को लाल गुलाब देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा दूसरी तस्वरी की बात करें, तो किंग खान और काजोल का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है। इसमें दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, 'फिल्म 'बाजीगर' के 32 साल पूरे, एक कहानी और एक शानदार जर्नी, जिसे मैं पूरे जीवन भर संभाल कर रखूंगी।' अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'बाजीगर' का वो सीन पोस्ट किया है, जिसमें शाहरुख का किरदार उन्हें छत से धक्का दे देता है। एक समारोह के दौरान अभिनेत्री ने बताया था, 'अकबर भाई इस फिल्म के एक्शन डायरेक्टर थे, और हमने उस दृश्य को लगभग पांच बार शूट किया था।' आपको बताते चलें कि इसी फिल्म से एक्ट्रेस ने सिनेमाई कॅरियर में कदम रखा था। फिल्म 'बाजीगर' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।



# शब्बो के रोल से पूरा हुआ दिव्या का बरसों का सपना

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और प्रीति जिंटी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'वीर जारा' की रिलीज को बुधवार को पूरे 21 साल हो चुके हैं। फिल्म में दिव्या दत्ता ने शब्बो नाम का किरदार निभाया था। इस फिल्म से दिव्या का बरसों का अधूरा सपना पूरा हुआ था। दिव्या दत्ता ने 'वीर जारा' के 21 साल पूरे होने पर इंस्टाग्राम पर फिल्म की कई तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'क्या शानदार साल। इस फिल्म ने मुझे बहुत प्यार और प्रसिद्धि दी। मैं यश चोपड़ा की फिल्में देखकर बड़ी हुई और उनका निर्देशन मेरा सबसे बड़ा सपना था। आदित्य चोपड़ा और वाईआरएफ को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे शब्बो जैसा यादगार किरदार दिया। मुझे नहीं पता था कि शब्बो को इतना प्यार मिलेगा, लेकिन उनका विजन बड़ा था। इस फिल्म की यादें खास हैं। यह फिल्म हर जगह मेरे साथ चलती है।' आगे



दिव्या ने लिखा, '21 साल तक इस प्यार को पाकर और आगे भी, मैं शुक्रगुजार हूं। सेट पर मिले शानदार लोगों - शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, हेमा मालिनी, मनोज बाजपेयी, बोमेन ईरानी, अमिताभ बच्चन सर और यश चोपड़ा का बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा सपना पूरा हुआ। इस क्लासिक फिल्म से जुड़े सभी को 21 साल की बधाई।' 'वीर जारा' 12 नवंबर 2004 को रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है। फिल्म का लेखन और निर्माण उनके बेटे आदित्य चोपड़ा ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, दिव्या दत्ता, मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और किरण खेर ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। भारतीय पायलट वीर को जारा से प्यार हो जाता है। वीर प्रताप सिंह (शाहरुख खान), जो एक भारतीय वायु सेना अधिकारी हैं। पाकिस्तानी लड़की, जारा (प्रीति जिंटा) हयात खान एक पाकिस्तानी राजनेता की बेटी हैं।

## किसी ने 25 की उम्र में तो किसी ने 87 में दुनिया को कहा अलविदा

# दो महीने के भीतर कई फिल्मी दिग्गजों का हुआ निधन

*नई दिल्ली। साल 2025 ने हमसे कई ऐसे सितारों को छीन लिया, जिन्होंने इंडस्ट्री और फैन्स के लिए कभी न भूलने वाली विरासत छोड़ी हैं। केवल दो महीने के भीतर हमने बॉलीवुड के करीब 12 दिग्गजों को हमेशा के लिए खो दिया है। हाल के दिनों में कई फिल्मी सितारों का निधन हो गया। पिछले दिनों जहां संजय खान की पत्नी जरीन खान ने इस दुनिया को अलविदा कहा, वहीं ठीक एक दिन पहले ही एक दिग्गज एक्ट्रेस का निधन हो गया। पंकज धीर से लेकर असरानी जैसे कलाकारों ने भी रुखसत ले ली। इन दो महीनों में हमने जिन-जिन सितारों को खोया है, आइए उन पर एक नजर डालते हैं।*

**जरीन खान :** फिल्म एक्टर और प्रड्यूसर संजय खान की पत्नी जरीन खान का हाल ही में 7 नवंबर 2025 को निधन हो गया। 81 साल की जरीन का निधन कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुआ था। साल 1960 के दशक में जरीन एक फेमस मॉडल बन चुकी थीं। इसके बाद 'तेरे घर के सामने', 'एक फूल दो माली' जैसी फिल्मों से लोगों के दिलों में जगह बनाई। शादी के बाद फिल्मों से दूर होकर उन्होंने इंटीरियर डिजाइनिंग और होम डेकोर पर ध्यान दिया।

**सुलक्षणा पंडित :** जरीन खान के निधन से ठीक एक दिन पहले जानी-मानी सिंगर-एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित का निधन हुआ। 6 नवंबर को मुंबई के ननावटी हॉस्पिटल में लंबी बीमारी से लड़ते हुए वो जिंदगी की जंग हार गईं। उन्होंने एक बाल कलाकार के तौर पर सिंगिंग में करियर शुरू किया था और अपने परिवार के नक्शे कदम पर आगे बढ़ते हुए प्लेबैक सिंगिंग में भी खूब नाम कमाया। उन्होंने एक इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में अपनी पहचान बनाई और अपने परिष्कृत सौंदर्यबोध से कई मशहूर हस्तियों के घरों का कायाकल्प किया।

**सतीश शाह :** फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा थे। सतीश शाह 74 साल के थे। एक्टर ने 25 अक्टूबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। बताया गया कि वह लंबे समय से किडनी से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे। निधन से कुछ समय पहले ही उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उन्होंने जाने भी दो यारो, मैं हूं ना, कल हो ना हो, कभी हां कभी ना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और ओम शांति ओम जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया।



**गोवर्धन असरानी :** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर असरानी का 20 अक्टूबर 2025 को 84 साल की उम्र में निधन हो गया। अपने कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर बॉलीवुड के ये एक्टर निधन से पहले पिछले करीब पांच दिनों से अस्पताल में थे। 20 अक्टूबर की शाम को जुहू के आरोग्य निधि अस्पताल में उनका निधन हुआ। उन्होंने मेरे अपने, कोशिश, बावर्ची, परिचय, अभिमान, चुपके-चुपके, छोटी सी बात और रफू चक्कर जैसी यादगार फिल्मों में शानदार परफॉर्म किया।

**ज़ुबीन गर्ग :** असम के मशहूर सिंगर और हर दिल में बसने वाले ज़ुबिन गर्ग का 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में उनका निधन हो गया। जुबिन सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करने गए थे और इसी दौरान एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। बॉलीवुड से लेकर असमिया और बंगाली तक, कई गानों को अपनी आवाज देने वाले भारतीय बैकग्राउंड सिंगर ज़ुबीन गर्ग के निधन के बाद भारी संख्या में फैन्स उन्हें आखिरी विदाई देने पहुंचे थे।

**पीयूष पांडे :** भारतीय विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे 24 अक्टूबर, 2025 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पीयूष 70 साल के थे। पीयूष सांस लेने में दिक्कतों से जूझ रहे थे। मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में निधन से एक महीने से उनका इलाज चल रहा था।

**पंकज धीर :** लोकप्रिय टेलिविजन और बॉलीवुड एक्टर पंकज धीर ने 15 अक्टूबर, 2025 को अंतिम सांस ली। वो लंबे समय से कैंसर से लड़ रहे थे। लंबी लड़ाई के बाद 68 साल की उम्र में निधन हुआ था। उन्हें 'महाभारत' के कर्ण के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

**वरिंदर सिंह घुम्मन :** टाइगर 3' फेम एक्टर और मशहूर बॉडीबिल्डर वरिंदर सिंह घुम्मन का हाल ही में दिल का दौरा पड़ने से 53 साल की उम्र में निधन हो गया। वरिंदर सिंह घुम्मन बॉलीवुड एक्टर के साथ-साथ बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में भी उनका नाम है। 9 अक्टूबर, 2025 को उनका निधन हो गया। बताया गया था कि वरिंदर को सीने की मांसपेशियों में चोट लगी थी, इसलिए वे इलाज के लिए अमृतसर गए थे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।'

**ऋषभ टंडन :** फेमस सिंगर, राइटर और म्यूजिशियन ऋषभ टंडन का 22 अक्टूबर, 2025 को निधन हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। ऋषभ टंडन का 35 साल की उम्र में दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

**क्लासिकल डांसर मधुमती :** दिग्गज एक्ट्रेस और क्लासिकल डांसर मधुमती का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मधुमती अपनी बेहतरीन डांस स्किल्स और एक्टिंग के लिए जानी जाती थीं। उस दौर में उनकी तुलना हेलेन से की जाती थी। उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें आंखें, टॉवर हाउस, शिकारी, मुझे जीने दो जैसी फिल्में शामिल हैं।

**संध्या शांताराम :** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस संध्या शांताराम का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शिवाजी पार्क स्थित वैकुंठ धाम में किया गया। हालांकि उनके निधन के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन खबर है कि वे उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी।

**सचिन चांदवाड़े :** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की पॉप्युलर वेब सीरीज 'जामताड़ा 2' से फैंस के दिलों को जीतने वाले कलाकार सचिन चांदवाड़े का केवल 25 साल की उम्र में निधन हो गया। खबर आई कि सचिन ने सुसाइड की है, जिसके चलते फंदे पर लटका हुआ एक्टर का शव मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, सचिन का घर महाराष्ट्र के जलगांव पारोला में था और वहीं एक्टर ने अपने फ्लैट में पंखे में फांसी का फंदा लगा लिया।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा विक्रेता को भेजा गया जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम सागरपुर (थाना बैकुंठपुर) में दबिश देकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्राप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी जीवन राम पिता रामेश्वर राम के कब्जे से 6 लीटर हाथभट्ठी अवैध शराब बरामद कर जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया गया।

### जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यो की प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से स्वीकृत कार्यों में से प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्णता के पश्चात उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मांडवी एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सामान्य सभा की बैठक 18 को

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की सामान्य सभा की बैठक 18 नवंबर को समय दोपहर 12 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (डीपीआरसी) भवन अमृतधारा, ग्राम पंचायत लाई जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में आहूत की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्तावित जनसुनवाई का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा मैनपाट तहसील अंतर्गत ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 30 नवम्बर को प्रस्तावित लोक सुनवाई का क्षेत्रवासी विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंप जनसुनवाई का विरोध किया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम कंडराजा सहित नर्मदापुर, झरकट्टा कमलेश्वरपुर आदि का भौगोलिक क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है। मैनपाट में पूर्व में कराए गए बॉक्साइट खनन से पर्यावरण,जल स्त्रोतों एवं जैव विविधता को गंभीर क्षति पहुंची है जिसका अब तक वैज्ञानिक आंकलन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रस्तावित जनसुनवाई स्थगित कर विशेष समिति से पूर्व में हुए खनन से पर्यावरणीय क्षति

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत महिला सम्मेलन

# आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त भारत की पहचान- धर्मवती

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी





भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल के सहयोग और भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, बसंत राय, राजेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुंती चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जीवनानी, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता, रीता यादव, पार्षद रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उर्मिला, पुष्पलता राजवाड़े, प्रियंका सिंह, साक्षी सिंह राजपूत, सीमा रानी सिंह, शिल्पा शर्मा, काजल मोदी, रीना शर्मा, अनीता गुप्ता, गीता गिरी, सविता मिश्रा, झर्मिला देवी, सावित्री देवांगन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान का मूल उद्देश्य हर नागरिक, विशेषकर महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जब महिला आत्मनिर्भर बनती है तो परिवार, समाज और देश मजबूत होता है। महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्टनिर्माण की अनिवार्य प्रक्रिया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार, स्व-सहायता समूहों और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खुद को आत्मनिर्भर बनाएं। जिलाध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और प्रगति के लिए संकल्पित है और महिला मोर्चा इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएगा। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता एवं रीता यादव ने संयुक्त रूप से किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने दिया।

# सेजस खड़गवां में भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खड़गवां में बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम हर बालिका राष्ट की पूंजी रही, जिसके माध्यम से छात्राओं को अपने विचारों, सपनों और दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला।

इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनके व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना तथा समाज में उनके योगदान के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा और समानता पर प्रभावशाली भाषण दिए। उनके विचारों में उज्जवल भविष्य और सशक्त भारत की झलक स्पष्ट दिखाई दी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य प्रमोद पांडेय, शिक्षिकाएं और छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहीं। मिशन शक्ति, महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी श्रीमती नीता पांडेय, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ श्रीमती अनीता कुमारी शाह तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर सुश्री अमीषा कुशवाहा की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।



### शाउमावि देवाडांड़ में भाषण प्रतियोगिता

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत गुरूवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवाडांड खड़गवां में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बालिकाओं की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और उत्साह से सराबोर रहा। कार्यक्रम की थीम हर बालिका राष्ट की पूंजी रही, वहीं कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का भविष्य रखा गया। इस प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपने मन के विचारों, सपनों और आकांक्षाओं को प्रभावशाली शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत किया।

# प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी के लिए रोहित का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





टैलेंट हंट क्रिकेट अकेडमी के दो होनहार खिलाड़ी रोहित यादव और स्वास्तिक केसरी ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रतिभा की चमक के कारण रोहित यादव का चयन अब प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी के लिए किया गया है,वहीं, प्लेट ग्रुप के मुकाबलों में दो मैचों में दो अर्धशतक जड़कर स्वास्तिक केसरी ने रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है,। कोच अमित मित्तल ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों की यह सफलता उनके लंबे समय से किए जा रहे कठोर परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। स्वास्तिक केसरी दिनांक 14 नवंबर से कांकेर स्टेडियम में रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से मैदान में उतरेंगे।

# सरदार पटेल जयंती पर आज निकलेगा यूनिटी मार्च

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा 14 नवंबर की सुबह 10:30 बजे से आरंभ होगी।

जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ सामुदायिक भवन दुर्गा पंडाल, खोंगापानी से होगा, जो लेदरी और झगराखाण्ड़ से होते हुए मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा परेड ग्राउंड में संपन्न होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष बनाएगी। कार्यक्रम में जिले के सभी मंडल, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, कार्यकर्ता और आम नागरिकों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की गई है, ताकि सरदार पटेल जी के राष्टीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने बताया कि यह पदयात्रा संगठन की एकता, राष्टभक्ति और सेवा भाव का प्रतीक होगी। जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार एवं जिला मीडिया प्रभारी ने जानकारी दी कि यह आयोजन जिले में उत्साह, समर्पण और एकता का संदेश देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम सिद्ध होगा। उन्होंने आमजन से आयोजन में काफी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



गिरदावरी में रकबा घटने के साथ ही अन्य 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया। इस दौरान उन्होंने मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बुधवार को विकासखंड सीतापुर मैनपाट, बतौली के कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारियों, किसानों व पुलिस कस्टडी मरने वाले युवक के परिजन के साथ पूर्व मंत्री अमरजीत भगत धरना प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैनपाट में किसानों का पट्टा निरस्त करने के साथ ही उन्हें बेदखली का नोटिस दिया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में एग्रीस्टेक पंजीयन के नाम पर किसानों को दौडाया जा रहा है व त्रुटिपूर्ण गिरदावरी करके किसानों का रकबा घटा दिया गया है जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया जिससे लोगों के बिजली के बिल दो से तीन गुना तक बढकर आ रहे है। सरकार को तत्काल बढे हुए बिल को वापस लेने के साथ ही हाफ बिजली बिल योजना को शुरू करना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र में हाथी लगातार किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है और उनके घरों में तोड़फोड़ कर रहे है। हमले में ग्रामीणों की जान जा रही है। सरकार मृतकों को 25 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करे इसके साथ ही जिन ग्रामीणों के घर टूटे है उन्हें है उन्हें तीन कमरे का मकान बनाकर दें।

# रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए 850 तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु तीर्थयात्री बुधवार आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन में तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज व महापौर श्रीमती मंजूषा भगत सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा।

अतिथियों ने तीर्थ यात्रियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दी। उप संचालक समाज कल्याण एवं नोडल अधिकारी व्हीके उके ने बताया कि जिले से कुल 170 तीर्थयात्री इस यात्रा में सम्मिलित हैं। इनमें नगर निगम अम्बिकापुर से 30, नगर पंचायत सीतापुर से 7, लखनपुर से 7, जनपद पंचायत अंबिकापुर से 18, लखनपुर से 18, उदयपुर से 18, बतौली से 18, मैनपाट से 18, सीतापुर से 18 तथा लुण्ड्रा से 18 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल हेतु जिले से अनुरक्षक दल भी उनके साथ भेजा गया है। जबकि सरगुजा संभाग के सभी जिलों से शासन द्वारा निर्धारित यात्री कोटा में सरगुजा से 170, जशपुर से 204, बलरामपुर-रामानुजगंज से 164, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 57,कोरिया से 108, सुरजपुर से 147 कुल 850 दर्शानार्थी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, आवास एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ट्रेन 15 नवम्बर को वापस अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस अवसर पर नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, पर्यटन अधिकारी आशीष वर्मा, सहित अन्य मौजूद थे।

# ऑफिसर्स क्लब में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को 34 वीं क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की महत्पूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि डायरेक्ट ऑफ माइंस सेफ्टी रायगढ़ रीजन बीबी सटीयार उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में उपनिदेशक खान सुरक्षा रायगढ़ श्री निवास चीरा ,उपनिदेशक खान सुरक्षा नागपुर जोन यांत्रिक विजय बारा पातरे , अमूर्त राव पुत्तूराजू उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने की।

वर्ष भर में एक बार क्षेत्रीय स्तर पर होने वाले इस बैठक के विषय में बताया गया कि डीजीएमएस की उपस्थिति में प्रबंधन और श्रमिक यूनियन के नामित सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ त्रिपक्षीय बैठक के जरिए खदान में सुरक्षा उपाय को दुरुस्त करने शून्य दुर्घटना के साथ कोयला उत्पादन करने खदानों में सुरक्षा संबंधी खामियों की रिव्यू कर उसमें सुधार करने उक्त बैठक आयोजित की जाती है।बैठक में स्वागत उद्बोधन क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने प्रस्तुत करते हुए शुन्य दुर्घटना लक्ष्य के साथ कोयला उत्पादन करने जोर दिया और कहा कि खदानों में सुरक्षित कोयला उत्पादन करने जो भी सेफ्टी के नियम कानून हैं, उन्हें हम हर स्तर पर पालन करने कराने प्रतिबद्ध हैं हमे खुशी है कि पिछले पांच वर्ष से बिश्रामपुर क्षेत्र में कोई सांघातिक दुर्घटना नहीं हुई है। मुख्य अतिथि डीजीएमएस रायगढ़ रीजन बी बी सटीयार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शून्य दुर्घटना का लक्ष्य खदानों में कोयला उत्पादन के लिए आवश्यक है उन्होंने कहा कि यदि हम सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन करेंगे तो दुर्घटना की गुंजाइश न के बराबर रह जाएगी। उन्होंने सभी क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों को कहा कि आपके द्वारा सुझाए गए विकल्पों पर कार्य कर हम शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल कर सकते है,उन्होंने कहा कि हमलोग नियम कायदे बनाते है कई जगह इसके पालन में कठिनाई भी आती है फिर भी हमारा दायित्व है कि इसका पालन करें,सुरक्षा प्रतिवेदन एरिया सेफ्टी ऑफिसर केएल भील ने प्रस्तुत कर बिश्रामपुर क्षेत्र में वर्ष भर की सेफ्टी एक्टीविटी को प्रस्तुत किया,आभार महाप्रबंधक संचालन जी के रॉय ने व्यक्त किया।बैठक में सभी पांचों यूनियनों के सदस्य इनमोसा,सहित ऑफिसर एसोसिएशन के अमरेंद्र नारायण सिंह क्षेत्र के सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# कल होगा जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस

- पर्यटन मंत्री राजेश होंगे मुख्य अतिथि

**बैकुण्ठपुर।** 15 नवंबर को जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल खरवत में किया जाएगा। छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी प्रपत्र अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम में छग शासन के मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस दिन शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन भी किया जाएगा। शासकीय संस्थानों, आश्रम छात्रावास तथा आवासीय विद्यालयों में कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों, जनजातीय समुदाय के प्रमुखों आदि का सम्मान भी किया जाएगा, जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा। वहीं जनजातीय ग्रामों/विकासखंड़ों में विशेष कैम्प (लाभार्थी संतृप्ति शिविर) का आयोजन कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन खाता, जाति प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आदि के संतृप्तिकरण के लिए सेवा प्रदाय एवं वितरण तथा सिकल सेल जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन भी की जाएगी।

### छात्रों को दी गई सुरक्षित निवेश की जानकारी

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज में बुधवार को भारत शासन तथा सेबी द्वारा वित्तीय साक्षरता तथा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य वक्ता सुनील कुमार ने छात्रों को सुरक्षित निवेश के बारे में जागरूक करने ऑनलाइन व्याख्यान दिया। उन्होंने मानचित्रों के माध्यम से छात्रों को निवेश तथा निवेश के विभिन्न साधनों के बारे में अवगत कराया।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम जनकपुर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जगतपाल पिता/पति गंभीर साय जाति पनिका निवासी जनकपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा रविशंकर निवासी जनकपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 7/9/2008 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवां अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब 121/2022-23
ग्राम :- दामुज
**//ईश्तहार//**

आवेदक/ आवेदिका प्रभुनारायण आ. स्व. मंगल साय जाति चेरवा निवासी ग्राम दामुज के द्वारा ग्राम दामुज में अपने माता बिहनिया जिसका मृत्यु/जन्म दिनांक 13/03/79 में हुआ है, जिसका मृत्यु पंजीयन शासकीय/ अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराये जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण-पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 21/11/25 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अतः आज दिनांक 06/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
सोनहत, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### 7 को होगा...

करण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम सचिवों की बैठक आयोजित कर परीक्षा केन्द्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके अनुक्रम में यह जिम्मेदारी सचिव ग्राम पंचायत को दी गई। विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी/नोडल अधिकारी को परीक्षा संचालन, मूल्यांकन और परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्रों की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए संकुल प्राचार्यों और समन्वयकों को परीक्षा केन्द्रों पर समन्वय उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और डाटा एंट्री में सहयोग करने का कार्य सौंपा गया है।

### तेजी से बढ़ रहे...

**तनाव सहित अन्य कई प्रमुख कारक-** चिकित्सकों के अनुसार मधुमेह का प्रमुख कारणों में से एक तनाव भी है, इसके अलावा अन्य कारणों के साथ अनुवांशिकी तौर पर भी मधुमेह होने का खतरा सबसे अधिक होता है। जानकारी के अनुसार जंक फूड का अत्यधिक सेवन, शारीरिक श्रम व योग व्यायाम की कमी, पर्याप्त नींद न लेना तथा रात्रि में अधिक देर तक जागना एवं भोजन करना भी मधुमेह को आमंत्रित करने में सहायक होती है।

